दैनिक भास्कर

# कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप के लिए एमआईटी डब्ल्यूपीयू की दो छात्राओं का चयन

भास्कर न्यूज़ | पुणे

एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी की दो प्रतिभाशाली छात्राओं सायली वानी और तनिषा कोटेचा का चयन आगामी कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 27 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित होगी। दोनों खिलाड़ियों के चयन से विश्वविद्यालय में उत्साह का माहौल है। एस.वाई. बीबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) की छात्रा सायली वानी ने दोहा, मैनचेस्टर, हावीरोव, बुल्गारिया, स्पेन और नेपाल में आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।



## कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन

तनिषा कोटेचा ने उज्बेकिस्तान में एशियाई युवा चैंपियनशिप, नेपाल में दक्षिण एशियाई चैंपियनशिप तथा वडोदरा में कांस्य पदक हासिल किया। हाल ही में फ्रांस के हेनबोंट में आयोजित डब्ल्यूटीटी फीडर प्रतियोगिता में उन्होंने महिला युगल वर्ग में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रो. (डॉ.) विश्वनाथ कराड़, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. राहुल कराड़, कार्यकारी निदेशक डॉ. अदिति कराड़ तथा कुलपति डॉ. आर. एम. चिटणीस ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि एमआईटी-डब्ल्यूपीयू की खेल और शिक्षा में उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता का प्रमाण है तथा युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।